Regarding Pradhanmantri Awas and Toilet for disabled persons

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): माननीय सभापति जी, देश के गरीबों के मसीहा प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री आवास योजना की जो प्रक्रिया चालू की है, वह बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन मैं आपके माध्यम से विशेष ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में विकसित भारत यात्रा के दौरान श्री हेमराज, दिव्यांग व्यक्ति, जो 90 परसेंट विकलांग है, उसकी मां 8 साल पहले खत्म हो गयी है । अभी उसकी शादी नहीं हुई है । दिव्यांग एकल पुरूष को प्रधानमंत्री आवास और शौचालय दिया जाए । यह मैं मांग करती हूं । मैं सोचती हूं कि यह परस्थिति केवल मेरे क्षेत्र में ही नहीं है बल्कि देश के अन्य जगहों पर भी इस तरह की परस्थितियां हैं ।